<u>**Sixteenth Loksabha**</u>

an>

Title: Need to declare Patna-Lalganj-Champaran road as 'Mahatma Gandhi Path'.

श्री राजेश रंजन (मधेपुरा): प्राचीन भारत का पहला गणतंत्र वैशाली आज लगातार उपेक्षा का शिकार है। 84 देशों के लोग बुद्ध और महावीर को मानने वाले हैं। एक पर्यटक स्थल के तौर पर उसे आज तक विधिवत विकसित नहीं किया गया है। हालात ऐसे हैं कि यहां शौचालय की भी सुविधा पर्याप्त रूप से नहीं है। पूर्व में भी देश एवं विदेश से लोग वैशाली महोत्सव में आते रहे हैं। आज 2500 वर्ष पूर्व के खरौना पोखर अव्यवस्था एवं पर्यावरण के कारण विकास के इंतजार में है ।साथ ही वैशाली से सटे 6 किमी मार्ग पर भारत के राष्ट्रपिता महात्मा गांधी पटना से लालगंज होते हुए चम्पारण जाने के क्रम में मुजफ्फरपुर जिला के पारु प्रखंड के कमालपुरा में रुके थे। उन्होंने वहीं गांधी स्वराज की स्थापना की थी। पटना से लालगंज होते हुए चम्पारण जाने वाली मार्ग को महात्मा गांधी पथ घोषित किया जाए।